प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 29.05.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण के लिये प्रदेश में प्रचार तेज : अमित शाह और योगी आदित्यनाथ ने चार–चार और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने तीन जनसभाओं को किया संबोधित।
2. सातवें चरण के लिये कल समाप्त होगा चुनाव प्रचार : प्रदेश की 13 संसदीय सीटों समेत दुद्धी विधानसभा सीट पर एक जून को होगा मतदान।
3. पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर आज : उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड ने नई दिल्ली में किसान घाट पर अर्पित की पुष्पांजलि : हापुड़ में हुआ यज्ञ का आयोजन।

और

4. हमीरपुर और नोएडा में आज बारिश से लोगों को मिली गर्मी से राहत : मौसम विभाग के मुताबिक, पूर्वी उत्तर प्रदेश में कल गरज के साथ हल्की बारिश की संभावना।

————————————

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण की 13 सीटों पर मतदान के लिए प्रचार जोर शोर से चल रहा है। विभिन्न राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारकों और नेताओं ने आज अपनी अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के लिए

जनसभा, रोड शो के माध्यम से प्रचार किया। इसी क्रम में गृह मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने आज महराजगंज, देवरिया, बलिया और सोनभद्र में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाओ को संबोधित किया। श्री शाह ने दावा किया कि भाजपा को केवल पांच चरण के चुनाव में 300 से अधिक सीटें मिलेंगी। अगले दो चरणों में एनडीए चार सौ सीटों का आकड़ा पार करेगी। कांग्रेस पर पिछड़ा वर्ग विरोधी होने का आरोप लगाते हुए श्री शाह ने कहा कि कांग्रस ने गैर संवैधानिक तरीके से पिछड़ों के आरक्षण को मुस्लिमों को देने का काम किया है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा पिछड़े वर्ग के आरक्षण को किसी भी कीमत पर हाथ नहीं लगाने देगी। उन्होंने कहा कि चार जून को इंडी गठबंधन हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ेगा।

**बाइट............**

*चार को काउंटिंग है, चार की दोपहर को ये दोनों शहजादे प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे, और प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कहेंगे, ईवीएम खराब था, इसलिए हम चुनाव हार गए, इन्होंने तो कर लिया है, कि हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ना है, एक चुनाव में एक और बारह लाख करोड़ के घपले, घोटाले, भ्रष्टाचार करने वाला एक गठबंधन राहुल गांधी, अखिलेश यादव है, और दूसरी और 23–23 साल तक प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री रहने के बावजूद भी 25 पैसे का जिस पर आरोप नहीं है, ऐसे ही हमारे नरेंद्र मोदी है।*

जनसभा में श्री शाह ने सपा सरकार के दौरान खराब कानून व्यवस्था पर सवाल उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा के शासन में उत्तर प्रदेश में माफिया राज था। 2017 में भाजपा सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री योगी ने उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था का राज कायम किया है।

भाजपा ने पूर्वांचल को माफिया मुक्त करने का काम किया है। श्री शाह ने शाम को गाजीपुर में रोड–शो भी किया।

मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता योगी आदित्यनाथ ने आज कुशीनगर, सलेमपुर, गोरखपुर और बांसगांव में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा कर वोट मांगे। श्री योगी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बिना भेदभाव हर पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिला है। साथ ही देश की सीमाएं सुरक्षित हुई है और आतंकवाद पर पूरी तरह से काबू पाया गया है।

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने दुद्धी विधानसभा क्षेत्र समेत रॉबट्‌र्सगंज और मिर्जापुर लोकसभा क्षेत्रों में पार्टी उम्मीदवारों के लिए प्रचार किया।

सपा प्रमुख ने वादा किया कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने के बाद किसानों का कर्ज माफ किया जायेगा और अग्निवीर योजना खत्म कर पक्की नौकरियां दी जायेंगी। उन्होंने कहा कि यह चुनाव संविधान बचाने का चुनाव है। बाइट........

*ये देश का चुनाव हमारे आपके भविष्य का चुनाव तो है, लेकिन इसके साथ–साथ ये चुनाव हमारे आपके आने वाली पीढ़ी के भविष्य का चुनाव भी है। वहीं ये चुनाव संविधान बचाने का भी चुनाव हमारा आपका है, ये संविधान वही है जो हमें अधिकार दिलाता है ये संविधान वही है जो हमें न्याय दिलाता है ये समान समय समय पर हमें आगे बढ़ने का मौका देता है*

*और सच्चाई तो ये है कि ये सविधान हमारा बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के क्या दिया हुआ हमारे और आपके लिए संजीवनी है।*

सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव आज कुशीनगर मं रोड शो किया। उधर, वाराणसी में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने आज पत्रकार वार्ता में दावा किया  कि 4 जून को गठबंधन अपने दम पर सरकार बनाने जा रहा है। उन्हो‌ंने कहा कि जिन मुद्दों के साथ हम जनता के बीच में गए हैं, जनता ने उसको पसंद किया है। वर्तमान सरकार के कार्यों से जनता का विश्वास उठ चुका है, यही कारण है कि अब परिवर्तन की लहर चल रही है। उन्होंने कहा कि गठबंधन के दलों के नेताओं की चार जून को दिल्ली में बैठक होगी, जिसमें प्रधानमंत्री पद के लिए नाम पर आखिरी सहमति बनेगी।

————————————

लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण के लिये चुनाव प्रचार का कल अंतिम दिन होगा। प्रदेश में आखिरी चरण में 1 जून को 13 लोकसभा सीटों के साथ ही दुद्धी विधानसभा सीट पर उपचुनाव भी होगा। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सातवें चरण के सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिये कुल 144 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इनमें 134 पुरूष और दस महिला प्रत्याशी शामिल है। वहीं सोनभद्र की दुद्धी विधानसभा उपचुनाव में छह प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं।

———————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं। ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

—————————

लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में उत्तर प्रदेश की 13 सीटों पर एक जून को मतदान होगा। इसमें कुशीनगर की सीट भी शामिल है। भाजपा ने इस सीट पर वर्तमान सांसद विजय कुमार दुबे को प्रत्याशी बनाया है। सपा ने अजय प्रताप सिंह को इस सीट पर अपना उम्मीदवार बनाया है, वहीं पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने भी राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से दावेदारी पेश कर मुकाबले को दिलचस्प बना दिया है। हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट...

*कुशीनगर लोकसभा क्षेत्र से 1989 में जनता दल के बालेश्वर यादव ने यहां से सफलता हासिल की थी। उसके बाद के चार चुनावो में इस क्षेत्र में भाजपा का परचम लहराता रहा ~~वर्ष~~ 2014 के चुनाव में पूर्वांचल के कद्दावर नेता स्वर्गीय राजमंगल पांडेय के सुपुत्र राजेश पांडेय ने कुशीनगर सीट पर*

*भाजपा के टिकट पर जीत हासिल की लेकिन 2019 के लोक सभा चुनाव में उनका टिकट काटकर पार्टी ने विजय कुमार दुबे को प्रत्याशी बनाया, उन्होंने इस सीट पर भारी मतों से जीत हासिल कर सफलता पाई। कुशीनगर संसदीय सीट पर कुल 9 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। भारतीय जनता पार्टी ने जहाँ वर्तमान सांसद विजय कुमार दुबे को दोबारा प्रत्याशी बनाया है, वहीं इंडिया गठबंधन ने सपा प्रत्याशी अजय प्रताप उर्फ पिन्टू सिंह सैंथवार को अपना उम्मीदवार बनाकर भाजपा को घेरने की कोशिश की है।जबकि बसपा ने अपने पुराने कार्यकर्ता शुभनारायन चौहान को मैदान में उतारा तो वहीं कुशीनगर के पडरौना सीट से तीन बार विधायक रहे पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के स्वयं अपनी पार्टी आरएसएसपी के प्रत्याशी होने से लड़ाई दिलचस्प हो गयी है। विवेक कुमार पाण्डेय आकाशवाणी समाचार कुशीनगर।*

———————————

अन्नदाता किसानों के मसीहा और पूर्व प्रधानमंत्री, ''भारत रत्न'' चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि आज मनाई जा रही है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर आज नई दिल्ली में किसान घाट पर पुष्पांजलि अर्पित की। श्री धनखड़ ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ईमानदारी के प्रतीक हैं। किसान, गरीब और गांव का उत्थान उनक दिल में रहता था। राष्ट्रीय लोक दल के अध्यक्ष और चौधरी चरण सिंह के पौत्र जयंत चौधरी ने भी उन्हें किसान घाट पर श्रद्धजंलि दी।

इसो क्रम में हापुड़ में तहसील चौराह पर स्थित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के पास राष्ट्रीय लोकदल के पदाधिकारियों ने यज्ञ का आयोजन किया। रालोद के जिलाध्यक्ष रविंद्र चौधरी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने

हमेशा किसानों और मजदूरों के उत्थान के लिए काम किया। उधर, अमरोहा में राष्टोय लोकदल के कार्यकर्ताओं ने शहीद किसान स्मारक स्थल पर हवन किया और चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

————————————

प्रदेश में लू और तेज गर्मी का सिलसिला जारी है। हालांकि, हमीरपुर और नोएडा में आज तेज हवाओं के साथ बारिश से लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली। मौसम विभाग के मुताबिक, पूर्वी उत्तर प्रदेश में अलग–अलग स्थानों पर कल गरज के साथ हल्की बारिश की संभावना है। वहीं पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लू का असर बना रहेगा। बीते 24 घंटों में प्रदेश में अधिकतम तापमान 49 डिग्री सेल्सियस झांसी में दर्ज किया गया है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि अगले 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री की गिरावट आ सकती है। हालांकि न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा।

(समाप्त)